दैनिक
# न्याय साक्षी
संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल
रायगढ़, सोमवार 04 फरवरी 2019
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

### आरक्षण बचा है, नौकरी नहीं

नौकरी तो नहीं है जी, पर आरक्षण है, ले लो। हां-हां, ठीक है नौकरियों का वादा याद दिलाने की जरूरत नहीं है। बात-बात पर यह मत किया करो। अच्छा नहीं लगता। समझा करो यार, सरकार के पास आजकल नौकरियां नहीं होतीं, बस यह आरक्षण बचा है। ले लो। नौकरियां तो प्राइवेटवालों के पास हैं। पर उनके पास आरक्षण नहीं है और हम उनको आरक्षण के लिए कहेंगे भी नहीं। अच्छा नहीं लगता न दूसरे को कहना। हमारा उनसे क्या रिश्ता है? विरोधियों को कहने दो, वे तो कहेंगे ही कि हमारा और उनका याराना है। पर सच्चाई यह है कि वे हमें लोन के लिए कहते हैं, लाइसेंस के लिए कहते हैं, बिजनेस में और कोई मदद चाहिए होती है तो उसके लिए कहते हैं और हम उन्हें सिर्फ चंदे के लिए कहते हैं। बस इतना ही संबंध है। तो भैया, नौकरियां उनके पास हैं, हमारे पास तो बस आरक्षण है। ले लो। हम कब इंकार कर रहे हैं। अरे पहले की बात छोड़ो न। हां-हां याद दिलाने की जरूरत नहीं कि गूजरों ने जब राजस्थान में आरक्षण मांगा था, तो उन्हें कहां मिला था। तब वहां गूजर और मीणा लड़े थे तो तुम तटस्थ भाव से देख रहे थे। हरियाणा में जब जाटों ने आरक्षण मांगा था तो कैसे पूरा राज्य धू-धू कर जल उठा था। तब भी तुम निरपेक्ष भाव से देख रहे थे। गुजरात में जब पटेलों ने आरक्षण मांगा था, तो उन्हें भी कहां बख्शा गया था। महाराष्ट्र में मराठों ने आरक्षण मांगा तो उनसे भी कहां मुरोव्वत बरती गयी।

अरे तब आरक्षण नहीं दिया था तो अब तो दे रहे हैं न। ले लो। देखो आठ लाख रुपये की सालाना आमदनी पर गरीब होने का सुख मिल रहा है और आरक्षण ऊपर से, तो क्यों छोड़ रहे हो यार? ले लो। आयकर देकर अमीर होने के लिए कम आय चाहिए, पर गरीब होने के लिए इसकी ज्यादा आय भी चल सकती है। पांच एकड़ जमीन और हजार मीटर के प्लॉट के साथ गरीब होने का सुख कहां मिलता है। ऊपर से सवर्ण के सवर्ण बने रहो। न दलित कहलाओ और न पिछड़ा। पर देखो अब नौकरियां पाने के लिए या अपनी बेरोजगारी के लिए दलितों और पिछड़ों को जिम्मेदार नहीं ठहरा पाओगे। अब यह नहीं कह पाओगे कि मैरिट की कोई कद्र ही नहीं है और आरक्षण के कारण मूर्खों और अयोग्यों को नौकरी मिल रही है। पर चलो सरकार अब बच जाएगी। उस पर अब दलितों और पिछड़ों के वोट बैंक बनाने का आरोप नहीं लगेगा। पर यारो बिना आरक्षण के सवर्ण होने का सुख अब कहां मिलेगा आपको? उसे तो अब ढूंढ़ते ही रह जाओगे न!

## अगले वित्त वर्ष में 10 लोक उपक्रमों के आईपीओ की तैयारी

### 90,000 करोड़ रुपये के विनिवेश का लक्ष्य




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार की अगले वित्त वर्ष में 10 केंद्रीय लोक उपक्रमों के आईपीओ लाने की योजना है। इसमें टिहरी बांध निगम इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल), रेलटेल और टेलिकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) जैसी कंपनियां शामिल हैं। इसी के साथ सरकार ने 2019-20 में 90,000 करोड़ रुपये के विनिवेश का लक्ष्य रखा है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अतनु चक्रवर्ती ने कहा मंत्रालय की योजना केंद्रीय लोक उपक्रमों के रणनीतिक विनिवेश पर आगे बढ़ने और सरकारी कंपनियों के मुख्य काम से इतर परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण की है। चक्रवर्ती ने कहा, ' हमने पहले ही 10 आईपीओ लाने की तैयारी की है, क्योंकि बहुत सी कंपनियां हैं, जिन्हें अपनी न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता के लक्ष्य को पाना है। हम नई थीम पर आधारित 'इक्विटी ट्रेडेड फंड' (ईटीएफ) भी लाएंगे। इसके अलावा रणनीतिक विनिवेश की भी योजना है, जिसे चुनाव बाद और तेजी से किया जाएगा। साथ ही अगले साल हम परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण भी ध्यान देंगे।'

शुक्रवार को पेश 2019-20 के अंतरिम बजट में 90,000 करोड़ रुपये के रणनीतिक विनिवेश का लक्ष्य रखा गया है। यह चालू वित्त वर्ष के 80,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य से अधिक है। चालू वित्त वर्ष के 10 महीनों में केंद्रीय लोक उपक्रमों में हिस्सेदारी बिक्री, ईटीएफ की किस्तों और शेयर पुनर्खरीद से 36,000 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। सरकार को मार्च अंत तक विनिवेश से 44,000 करोड़ रुपये और जुटाने हैं।

चक्रवर्ती ने कहा, 'सभी लेनदेन प्रक्रिया में हैं। चालू वित्त वर्ष में हम 80,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य हो प्राप्त कर लेंगे।' सरकार को ओएनजीसी, कोल इंडिया और इंडियन ऑयल समेत अन्य केंद्रीय लोक उपक्रमों के शेयर पुनर्खरीद से 12,000 करोड़ रुपये जुटाए जाने की उम्मीद है। ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) में सरकार की हिस्सेदारी पावर फाइनेंस कारपोरेशन (पीएफसी) के खरीदे जाने से सरकार को 15,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। इसके अलावा पवन हंस का विनिवेश मार्च 2019 तक पूरा होने की उम्मीद है।

## एंटिगुआ टेस्ट : वेस्टइंडीज ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई



**एंटीगुआ (आरएनएस)।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में इंग्लैंड को 10 विकेट से मात देकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही मेजबान टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। पहले टेस्ट मैच की तरह इस मुकाबले में भी इंग्लैंड की बल्लेबाजी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और मेजबान टीम ने तीन दिन में ही टेस्ट मैच अपने नाम कर लिया। पिछले सात वर्षो में यह पहला मौका है जब वेस्टइंडीज ने अपने घर में बांग्लदेश या जिम्बाब्वे को छोड़कर किसी अन्य टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती हो।

इंग्लैंड के लिए हार इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इस वर्ष उसे आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रतिष्ठित ऐशेज सीरीज खेलनी है।

## विदेशों में जमा कालेधन पर नकेल कसने की तैयारी में सरकार, 90 देशों ने सौंपे 5000 दस्तावेज



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देशवासियों को विदेशों में जमा काले धन को वापिस लाने का वादा करके सत्ता में आई मोदी सरकार का कार्यकाल पूरा होने में अब कुछ ही महीने बाकी रह गए है। अब सरकार विदेशों में जमा काले धन पर नकेल कसने की तैयारी में है।

154 देशों के साथ हुए समझौते में तमाम सूचनाएं वित्त मंत्रालय के खुफिया विभाग के पास पहुंची हैं। पांच हजार के करीब दस्तावेजों को सौ से भी ज्यादा देशों ने भारत के साथ साझा किया है। इसमें विभिन्न टैक्स हैवेन देशों में जमा भारतीयों के जमा धन का भी पता मंत्रालय को लगा है। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव से पहले कई ऐसे नामों का खुलासा किया जाएगा, जो राजनीति में हैं और विदेशों में उनके द्वारा बड़े पैमाने पर कालाधन एकत्र किया गया है। वित्तीय खुफिया विभाग (एफआईयू), गंभीर धोखाधड़ी वित्तीय कार्यालय (एसएफआईओ), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर विभाग (सीबीडीटी) समेत कई एजेंसियां राजस्व सचिव के नेतृत्व में इस पहलू पर काम कर रही हैं। मंत्रालय के मुताबिक अब तक करीब 90 देशों द्वारा 5000 अहम दस्तावेजों को भारत के साथ साझा किया जा रहा है, जो कर चोरी जैसे पहलुओं से संबंधित हैं। पिछले साल स्विस बैंक बीआईएस की तरफ से आंकड़े जाहिर कर कहा था कि 2017 में कालेधन में 34.5 फीसदी की कमी आई है। उसने कहा था कि मोदी सरकार में कालाधन 80 फीसदी कम हुआ है। नोटबंदी के बाद वित्त मंत्रालय ने टैक्स हैवेन देशों में जमा कालेधन का पता लगाने के लिए अमेरिका, यूरोप, दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया समेत तमाम देशों से समझौता किया था।

## ई-कॉमर्सः अब न जल्दी डिलिवरी और न सस्ता सामान




**नई दिल्ली(आरएनएस)।** ई-कॉमर्स में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का नया नियम शुक्रवार से लागू हो गया, जिसके साथ ही ग्राहकों को मिलने वाली कई सुविधाओं पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। नई व्यवस्था में ग्राहकों को सामान न सिर्फ पहले के 1-2 दिन की तुलना में कम से कम 4-7 दिनों में मिलेगा, बल्कि इसके लिए उन्हें कीमत भी तुलनात्मक रूप से अधिक चुकानी पड़ेगी।

नए नियमों का सर्वाधिक असर ऐमजॉन पर पड़ा है, जिसे अपने प्लेटफॉर्म से मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रॉसरी और फैशन सहित कई श्रेणियों में भारी मात्रा में उत्पादों को हटाना पड़ा है। प्लेटफॉर्म पर मौजूद क्लाउडटेल और ऐपेरियो जैसे सेलर्स ने काम करना बिल्कुल बंद कर दिया है। इन दोनों कंपनियों में ऐमजॉन की हिस्सेदारी है। शुक्रवार को दिसंबर तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा के बाद कंपनी के सीएफओ ब्रायन ओलसावस्की ने विश्लेषकों से कहा कि नई पॉलिसी का असर भारत में प्राइसिंग और उपभोक्ताओं के चयन के साथ-साथ सेलर्स पर पड़ेगा।

वैश्विक तौर पर ऐमजॉन के अंतरराष्ट्रीय कारोबार को 64.2 करोड़ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, जो इसके पहले के वित्त वर्ष की समान तिमाही में 91.9 करोड़ डॉलर था। ऐमजॉन के भारत में आक्रामक रूप से निवेश को वैश्विक कारोबार में लगातार हो रहे घाटे की भरपाई माना जा रहा है। आलोच्य अवधि में ऐमजॉन की वैश्विक बिक्री बढ़कर 21 अरब डॉलर रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 18 अरब डॉलर थी।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया ट्वंटी-20 सीरीज के स्थान में परिवर्तन

**बेंगलुरु(आरएनएस)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने फरवरी के अंत में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली ट्वंटी-20 सीरीज के पहले और दूसरे मैचों के स्थान में परिवर्तन किया है।

बीसीसीआई ने बेंगलुरु में 20 से 24 फरवरी तक होने वाले एयरो इंडिया शो के कारण पहले दो मैचों के स्थानों में अदला-बदली की है। अब भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला ट्वंटी-20 मैच 24 फरवरी को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में खेला जाएगा जबकि सीरीज का दूसरा मैच 27 फरवरी को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी मैदान में खेला जाएगा।

दरअसल कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने इस एयरो शो के कारण बीसीसीआई से कार्यक्रम में बदलाव की मांग की थी।

## आज का राशिफल

मेषः- गणेशजी आज आपको अपने गुस्से पर काबू रखने की सलाह दे रहे हैं। शरीर में स्फूर्ति का अभाव हो सकता है। मन परेशान होने की वजह से मानसिक अस्वस्थता की स्थिति में किसी काम में मन नहीं लगेगा

वृषभः- कार्य सफलता में विलंब और शारीरिक अस्वस्थता के कारण आप हताशा का अनुभव कर सकते हैं। अत्यधिक काम के बोझ से थकान और मानसिक बेचैनी रहेगी।

मिथुनः- आज आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। मित्रों के साथ मौज-मस्ती करेंगे। मनोरंजन के लिए सभी सामग्री आज आपको उपलब्ध होगी।

कर्कः- गणेशजी की कृपा से आज के दिन आपको खुशी और सफलता मिलेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में सुख-शांति से दिन व्यतीत करेंगे।

सिंहः- लेखन और साहित्य के क्षेत्र में कुछ नया करने की आपको प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थी उत्तम प्रदर्शन कर सकेंगे। दांपत्य जीवन में सुख प्राप्त होगा।

कन्याः- आज के दिन हर कार्य में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मन चिंताग्रस्त रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होने से कुटुंब में अशांति रहेगी।

तुलाः- शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा होगी। विदेश से अच्छे समाचार आएगे। आज नए कार्यों का आरंभ कर सकते हैं।

वृश्चिकः- पारिवारिक कलह-द्वेष का अवसर न आए, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमियों से बचें। मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर भगाने की गणेशजी सलाह देते हैं।

धनुः- आज आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। किसी तीर्थयात्रा पर जाएंगे। सगे संबंधियों और मित्रों के आगमन से मन खुश रहेगा। दांपत्य जीवन में निकटता और मधुरता रहेगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वादिष्ट भोजन का स्वाद लेने का आनंद प्राप्त होगा।

मकरः- आज के दिन सावधानी से चलने की गणेशजी सलाह देते हैं। अधिक परिश्रम में कम सफलता मिलने से निराशा की भावना पैदा हो सकती है।

कुंभः- गणेशजी के आशीर्वाद से आज आप नए कार्य की शुरुआत या उसकी योजना बना सकेंगे। नौकरी या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। स्त्री मित्र आपकी प्रगति में सहायक बनेगी।

मीनः- गणेशजी कहते हैं कि नौकरी या व्यवसाय में सफलता पाने से और उच्च पदाधिकारियों के अच्छे व्यवहार से आप अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। व्यापार में वृद्धि होगी और बकाया राशि प्राप्त होगी।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लॉन्च



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** छोटे और सीमांत किसानों को निश्चित आय सहायता उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना को लॉन्च कर दिया। इस बाबत सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को दिशा-निर्देश एक फरवरी को जारी कर दिया गया। इस योजना के तहत 2 हेक्टेयर तक भूमि वाले छोटी जोत वाले किसान परिवारों को 6,000 रुपये प्रति वर्ष की दर से प्रत्यक्ष आय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह आय सहायता 2,000 रुपये प्रत्येक की तीन समान किस्तों में लाभान्वित किसानों के बैंक खातों में सीधे ही हस्तांतरित कर दी जाएगी।

इस कार्यक्रम का वित्त पोषण भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम से लगभग 12 करोड़ छोटे और सीमांत किसान परिवारों के लाभान्वित होने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम 1 दिसंबर, 2018 से लागू किया जाएगा और 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के लिए पहली किस्त का इसी वर्ष के दौरान भुगतान कर दिया जाएगा।

## अंबाती रायडू की शानदार बल्लेबाजी, न्यूजीलैंड के सामने 253 रन का लक्ष्य



**वेलिंग्टन (आरएनएस)।** अंबाती रायडू की 90 रनों की शानदार पारी की बदौलत भारतीय टीम ने यहां वेस्टपैक स्टेडियम में खेले जा रहे पांच मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 49.5 ओवर में 252 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत चौथे वनडे की तरह इस मुकाबले में भी खराब रही और उसने आठ रन के कुल योग पर ही कप्तान रोहित शर्मा (2) का विकेट खो दिया।

शर्मा को तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने पवेलियन भेजते हुए न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे विकेट के लिए भी मेजबान टीम को अधिक इंतजार नहीं करना पड़ा। भारत के कुल योग में अभी चार रन ही जुड़े थे कि ट्रैंट बाउल्ट ने सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को छह के निजी स्कोर पर आउट कर दिया। अपने वनडे करियर का दूसरा मैच खेल रहे युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का अच्छा मौका था। हालांकि, वह इस सुनहरे मौके को भुना नहीं पाए और सात के निजी स्कोर पर हेनरी का दूसरा शिकार बने। इसके बाद, अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी (1) को भी पवेलियन की राह दिखाकर बाउल्ट ने भारत का स्कोर चार विकेट पर 18 रन कर दिया।

## घर पर बनाएं स्पेशल ब्रेड पकौड़ा



शाम की चाय के साथ पकौड़ों का साथ हो तो मज़ा दोगुना हो जाता है। तो आइए जानते हैं कैसे बनाएं कम ऑयल वाला ब्रेड पकौड़ा।

**सामग्री :-**

6 ब्रेड स्लाइस, 2 कप बेसन, 2 से 3 हरी मिर्च बारीक कटी, एक छोटा चम्मच धनिया पाउडर

आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, आधा छोटा चम्मच चाट मसाला, एक छोटा चम्मच अजवाइन, स्वादानुसार नमक, तेल तलने के लिए

**विधि :-**

एक बर्तन में बेसन छान कर इसमें धनिया पाउडर, हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला, अजवायन और नमक डालकर मिक्स कर लें।

अब बेसन के मिश्रण में पानी डालकर एक चम्मच से फेंटे घोल तैयार कर लें। ध्यान रखें कि यह घोल न ज्यादा गाढ़ा हो और न ही ज्यादा पतला।


ब्रेड को तिकोने आकार में काट लें। मीडियम आंच में एक कड़ाही में तेल गर्म करें और ब्रेड के टुकड़ों को बेसन के घोल में डुबोएं। फिर बेसन में लिपटी ब्रेड को गर्म तेल में डालकर दोनों तरफ से फ्राई करें।

इसी तरह सभी ब्रेड फ्राई करके तेल से निकाल कर प्लेट में रखें और गर्मागर्म टेस्टी ब्रेड पकौड़े चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य-67

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गॅरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 66 का हल



## सू-दोकू-67

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.66 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |